हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 जून 2026



04 सीहोर में 0.40 इंच बारिश, प्री-मानसून जारी बुधनी...



07 लोदीपुरा में 4 साल से जर्जर श्मशान घाट का अभी...



### जनकल्याण अभियान में लापरवाही पर कलेक्टर बालागुरू सख्त, बोले:उदासीनता बर्दाश्त नहीं होगी

# एमपीईबी, उच्च व तकनीकि शिक्षा विभाग के अफसरों को भारी पड़ा मंगलवार, कलेक्टर ने लगाई फटकार

- लोक सेवा गारंटी में तय समय पर निपटें फाइलें, वरना होगी कार्रवाई
- डीईओ-डीपीसी को सौंपी खास जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक मंगलवार को कई बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भारी साबित हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर बालागुरू के. उस सख्त नजर नजर आए, जब उन्होंने शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याण अभियान की समीक्षा की। कई विभागों की सुस्त रफ्तार और लापरवाही को देखकर कलेक्टर का पारा चढ़ गया। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले बिजली कंपनी, उच्च शिक्षा विभाग और तकनीकी शिक्षा विभाग के अफसरों को भरी बैठक में कड़ी फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने की सख्त हिदायत दी।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित शिविरों में आए आवेदनों के पंजीयन और उनके निराकरण की विभागवार समीक्षा की। जब उन्होंने पाया कि एमपीईबी, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभाग ने आवेदनों के निपटारे में अपेक्षित रुचि नहीं दिखाई है और उनकी प्रगति बेहद खराब है तो उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आड़े हाथों लिया।

कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में कहा कि आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



इसमें किसी भी स्तर पर अधिकारियों की उदासीनता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करें और नागरिकों की समस्याओं का समयसीमा में समाधान करें।

#### समय पर काम न करने वालों पर गिरेगी गाज

कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दी जाने वाली सेवाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नागरिकों से प्राप्त आवेदनों को समय-सीमा के भीतर ही संतुष्टिपूर्ण तरीके से निराकृत किया जाए। सभी विभाग प्रमुख प्राप्त होने वाले आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग खुद करें। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के कारण समय सीमा का उल्लंघन हुआ तो उनके विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### बारिश से पहले स्कूलों की पानी टंकियां हों साफ

विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी को निर्देशित किया कि जिले के सभी शासकीय स्कूलों में स्थापित पानी की टंकियों की निर्धारित अंतराल पर सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि चूंकि मानसून और बरसात का मौसम शुरू होने वाला है, ऐसे में जल-जनित बीमारियों की आशंका काफी बढ़ जाती है। इसलि, बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिलना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

#### 21 जून को मनेगा भव्य योग दिवस

आगामी 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कलेक्टर ने जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए शैक्षणिक संस्थानोंए सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने जिले के पॉलिटेक्निक, आईटीआई और डिग्री कॉलेजों में प्रवेश की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि वे अभिभावकों से संपर्क कर युवाओं को रोजगारोन्मुखी कोर्सेज की जानकारी दें, ताकि जिले का कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे और ड्रॉप आउट की श्रेणी में न आए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

#### रोपे गए पौधों को जिंदा रखना भी जिम्मेदारी

कलेक्टर ने जल गंगा अभियान की समीक्षा करते हुए पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और हरित आवरण बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को टोकते हुए कहा कि पौधरोपण का कार्य केवल सरकारी आंकड़े या संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि लगाए गए पौधों के जिंदा रहने पर विशेष ध्यान दिया जाए। विभागों को रोपे गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखरेख की जिम्मेदारी उठानी होगी।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज की फीस दो किस्तों में जमा कर सकते हैं विद्यार्थी

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का शिक्षण शुल्क दो किस्तों में जमा कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि छात्र-छात्राओं पर आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने बताया कि एमपी ऑनलाइन काउंटर्स पर विद्यार्थियों को आनलाइन माध्यम से एक साथ पूर्ण शुल्क जमा करने के लिये कहा जा रहा है, जिससे विद्यार्थी असमंजस में पड़ रहे हैं।

### खेत में जबरन बना रहे दंबग रास्ता



**सीहोर।** खेत में जबरन रास्ता बनाने का आरोप मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर महिला फरियादी के द्वारा लगाया गया है। पीड़ित परिवार ने सभी सरकारी दफतरों में सबूतों के साथ अर्जी लगाई है लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है। सीवन नदी के किनारे से निकले पुराने सरकारी रास्ते को जानबूझकर बंद कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट पहुंची वृद्धा कमला कुशवाह ने बताया कि पुराने सरकारी रास्ते को बंद कर अवंतिपुरा खसरा नं. 35/3 की कृषि भूमि से रास्ता निकाने की कोशिश की जा रही है। खेत में मुर्म चूरी डलवा कर पक्का बनवाया जा रहा है। जबकी राजस्व न्यायालय ने 9/1/2/1 पर रास्ता बनाने के निर्देश पारित किया है यह भूमि जगदीश कुशवाहा की है। फरियादी कमला बाई की फसलों को भी दबंगों के द्वारा काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आगामी 28 से 30 जून तक जिले में चलने वाले वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के लिए माइक्रो स्तर पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए उन्हें पोलियो की खुराक पिलाई जाए। अभियान के दौरान कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे, इसके लिए घर-घर संपर्क, विशेष टीमों का गठन और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# बारिश से पहले एक्शन में नपा, जर्जर मकान जमींदोज, हादसों को रोकने चलाया अभियान

### दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए दी चेतावनी, भवन मालिकों से तत्काल मरम्मत कराने की अपील

**सीहोर।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए सीहोर नगर पालिका जनसुरक्षा के लिए पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। बारिश के दौरान जर्जर मकानों के गिरने से होने वाले हादसों को रोकने के लिए नगर पालिका अमले ने शहर में चिन्हित किए गए खतरनाक जर्जर भवनों को जमींदोज करने का अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में नपा की टीम ने जेसीबी की मदद से जर्जर निर्माणों को ढहा दिया।

बता दं नगर पालिका की इस कार्रवाई के पीछे बीते वर्ष हुआ दर्दनाक हादसा है। नपा के प्रभारी राजस्व अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर सिंह के निर्देश पर यह मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में नगर के चरखा लाइन क्षेत्र में एक जर्जर मकान ढहने के कारण एक बुजुर्ग महिला की मलबे में दबकर मौत हो गई थी। शहर में दोबारा ऐसी कोई अप्रिय घटना या जनहानि न हो, इसलिए तकनीकी निरीक्षण के बाद अत्यधिक खतरनाक घोषित हो चुके मकानों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।



#### नोटिस के बाद भी नहीं चेते मालिक, तो चलाया बुलडोजर

राजस्व प्रभारी शुक्ला के अनुसार जिन मकानों की स्थिति बेहद कमजोर और खतरनाक थी, उनके मालिकों को नगर पालिका द्वारा पहले ही नोटिस जारी किए गए थे। उन्हें खुद ही मकान हटाने या आवश्यक मरम्मत कराने की समय-सीमा दी गई थी। लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी जब भवन मालिकों द्वारा सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए, तब नगर पालिका की टीम को यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

कार्रवाई के दौरान मौके पर नगर पालिका के सहायक यंत्री विजय कोली, वैभव लोवनिया और अतिक्रमण प्रभारी तिलक वर्मा सहित भारी संख्या में नपा का अमला और पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने मौके पर ही अन्य भवन स्वामियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की अंतिम चेतावनी भी दी।

#### नगर पालिका की नागरिकों से अपील

नगर पालिका प्रशासन ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास या मोहल्ले में कोई भी भवन बेहद जर्जर या खतरनाक अवस्था में दिख रहा है तो उसकी सूचना तुरंत नगर पालिका को दें। इसके साथ ही पुराने मकानों के मालिकों से कहा गया है कि वे बरसात शुरू होने से पहले अपने घरों की अच्छी तरह मरम्मत करा लें, ताकि किसी भी हादसे से बचा जा सके।

# शासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने का माध्यम हैं जनकल्याण शिविर : राजस्व मंत्री

**सीहोर।** सीहोर जनपद के ग्राम लसूड़िया परिहार में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र प्रदान किए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जनकल्याण शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे




लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने कहा कि शासन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों और शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जनकल्याण शिविर शासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने का माध्यम हैं। इन शिविरों में लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के साथ ही उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं तथा अपने आसपास के पात्र व्यक्तियों को भी इन योजनाओं की जानकारी दें। इस अवसर पर जनपद सीईओ नमिता बघेल, सूरसिंह बारेला, गौरव सन्नी महाजन आदि मौजूद थे।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 63 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### स्थाई सीमा चिन्हों मिनारा चांदा के आधार पर पुनः निष्पक्ष सर्व व बंदोबस्त कराया जाएः राजपूत

# किसानों को आपस में लड़ा रहा है सैटेलाइट सीमांकन बंटवारा राजस्व नक्शों में गड़बड़ी कराने के आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खामलिया नरेला के किसानों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे किसानों का नेतृत्व करणी युवा सेना के जिलाध्यक्ष किसान कुलदीप सिंह राजपूत ने किया। तहसीलदार अमित सिंह को दिए ज्ञापन में कहा गया कि किसानों को आपस में सेटेलाईट सीमांकन लड़ा रहा है। किसानों की जमीनों को अदला बदला जा रही है। राजस्व रिकार्ड और पूराने जमीनों के नक्शों में फेर बदल किया जा रहा है। खसरा नम्बरों में अदला बदली कर किसानों की कीमती जमीनों को हड़पने की साजिश की जा रही है। गांवों में खतरनाक विवाद, तनाव एवं सामाजिक अशांति की स्थिति बन रही है।

किसान कुलदीप सिंह राजपूत ने बंटवारा राजस्व नक्शों में गड़बड़ी कराने के आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में भूमि नक्शा एवं राजस्व रिकॉर्ड मौके की



बास्तविक स्थिति से अत्यधिक भिन्न त्रुटिपूर्ण है। गांव की अधिकांश भूमि का रिकॉर्ड मौके पर मेल नहीं खाता है। पूर्व में गांव के आसपास स्थायी सीमा चिन्ह बांदा/मिनारा एवं जरीब के माध्यम से बनाए गए थे। किन्तु अब सेटेलाईट के नक्शा शीट पुराने मैनुअल नक्शों से मेल नहीं खा रही है। जिसके कारण अधिकतर किसागों की भूमि एक-दूसरे के खेतों में दर्शाई जा रही है। जिसके कारण ग्राम में लगातार विवाद, तनाव एवं सामाजिक अशांति की स्थिति वनी हुई है। किसानों की मांग है कि ग्राम खामलिया एवं नरेला में चल रही गलत एवं विवादित व्यक्तिगत भूमि नपती पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। पुराने मैनुअल नक्शों एवं वर्तमान नक्शा शीट का तकनीकी मिलान कराया जाए। स्थायी सीमा चिन्हों पुराने चिन्ह मिनारा चांदा के आधार पर पुनः निष्पक्ष सर्वे्र एवं बंदोबस्त कराया जाए। जो व्यक्ति वर्षो से जिस भूमि पर काबिज रहता है अथवा खेती कर रहा है, उसकी वास्तविक कब्जा स्थिति को आधार मानकर नियमानुसार स्थायी समाधान किया जाए।

राजस्व अधिकारियों एवं पटवारी को रिकॉर्ड सत्यापन किया जाए, उसके पश्चात ही सीमांकन की कार्यवाही की जाए। जिन परिवारों के पास आज तक आवासीय पट्टा नहीं है जो वर्षों से गांव में निवासरत हैं, उन्हें नियमानुसार आवासीय पट्टे प्रदान किए जाएं। ग्राम में बढ़ते भूमि विवादों के स्थायी निराकरण किया जाए।

### ताला तोड़कर नकदी और कीमती सामान ले उड़े बदमाशः जाते-जाते पास खड़ी बाइक भी चुराई

**सीहोर।** ब्रह्मपुरी कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया है। चोरों ने ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी और कीमती सामान चुरा लिया। इसके साथ ही, वे पास में खड़ी एक मोटरसाइकिल भी चुरा ले गए। चोरी की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।



घटना मोबाइल दुकान संचालक नितिन जोशी के मकान में हुई है। घर को सूना देखकर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने इत्मीनान से अलमारी खंगाली और उसमें रखे हजारों रुपये मूल्य के कीमती सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मकान के अंदर चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद चोरों ने बाहर भी हाथ मारा। उन्होंने मकान के पास ही खड़ी एक अन्य नागरिक की मोटरसाइकिल चुरा ली। इसके बाद वे चोरी के माल और उसी बाइक के साथ मौके से फरार हो गए। चोरी की यह पूरी वारदात क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में चोरों की संदिग्ध गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप



### डीएसवाईडब्लू ने सीहोर मिनी बाइज को 2-0 गोल से हराया

**सीहोर।** स्वर्गीय कैलाश सारंग के स्मृति में दूसरे वर्ष भी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शहर के चर्च ग्राउंड पर किया जा रहा है प्रतियोगिता के 11वीं दिन लीग मैच आयोजित किए गए थे। सोमवार को दो मैच खेले गए पहला मैच जूनियर वर्ग में सीहोर मिनी बॉयज-डीएसवाईडब्लू के मध्य खेला गया जिसमें डीएसवाईडब्लू 2-0 से विजय रही डीएसवाईडब्लू की तरफ से पूर्वंश ने एक गोल किया राज ने एक गोल किया सीनियर वर्ग सीहोर क्लब विरुद्ध सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 2-1 से विजय रही सीहोर क्लब की तरफ से पुष्प ने एक गोल किया ध्रुव ने एक गोल किया सीहोर चिल्ड्रन की तरफ से चित्रांश ने एक गोल किया।

### दो पक्षों में संघर्ष, लाठी-डंडों और पत्थरों से मारपीट

**भैरुंदा।** ग्राम बोरखेड़ी में खेत की मेड तोड़ने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में लाठी-डंडों और ईंटों का इस्तेमाल किया गया। जिसमें कई लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने इस मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है।जानकारी के अनुसार फरियादी अंकित राजपूत 26 वर्ष ने पुलिस मैं रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 14 जून की सुबह करीब 10 बजे उसे सूचना मिली कि उसके खेत के पास स्थित मेड को कुछ लोगों द्वारा तोडा जा रहा है। जब वह अपने पिता मोहनसिंह राजपूत के साथ वहां पहुंचा तो उसने देखा कि जगदीश राजपूत, राहुल राजपूत और उनके परिवार के अन्य सदस्य मेड तोड़ रहे थे और मनाकर करने पर विवाद करते हुए डंडे से मारपीट शुरू कर दी। जिससे फरियादी और उनके पिता घायल हो गए। वहीं बीच-बचाव करने आए अन्य परिजनों के साथ भी लाठी-डंडों व ईंटों से मारपीट की। घटना में घायल हुए लोगों को सिर, कमर, छाती, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में भजन संध्या और भंडारे का आयोजन

**सीहोर।** अधिकमास के पावन अवसर पर शहर के छावनी स्थित श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में रात्रि को महा आरती के पश्चात भजन संध्या और भंडारे का आयोजन किया गया, इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

## 18 तक मानसून आधिकारिक रूप से मध्य प्रदेश में कर जाएगा प्रवेश, बरसात से मौसम में हुआ बदलाव

# सीहोर में 0.40 इंच बारिश, प्री-मानसून जारी बुधनी, आष्टा और भैंरुदा में भी बरसे बदरा

मानसून की संभावित जल्द दस्तक और प्री-मानसून बारिश के अच्छे दौर को देखते हुए किसानों को इस बार खरीफ सीजन के लिए बेहतर परिस्थितियों की उम्मीद है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में प्री-मानसून बारिश का दौर लगातार जारी है। जिले के कई हिस्सों में हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है। मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और वातावरण सुहावना हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी बारिश, तेज हवाओं और गरज-चमक की गतिविधियां बनी रहने की संभावना है। साथ ही 18 जून तक मध्य प्रदेश में मानसून के प्रवेश के संकेत भी मिल रहे हैं।

मंगलवार को जिले के अलग-अलग हिस्सों में अच्छी प्री-मानसून बारिश दर्ज की गई। सीहोर में 0.40 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई, जबकि बुधनी में 0.24 इंच बारिश हुई। आष्टा क्षेत्र में लगभग 0.20 इंच और भैंरुदा में 0.12 इंच वर्षा दर्ज की गई। बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली।



**इस सीजन में अब तक 2.41 इंच औसत वर्षा :** वर्षा के आंकड़ों के अनुसार 1 जून से अब तक सीहोर जिले में औसतन 2.41 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में काफी बेहतर है। पिछले साल इस समय तक जिले में केवल 0.97 इंच औसत वर्षा हुई थी। इस बार शुरुआती दौर में ही अच्छी बारिश होने से किसानों और आम लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

**भैंरुदा में सबसे अधिक बारिश :** जिले में अब तक सबसे ज्यादा वर्षा भैंरुदा क्षेत्र में दर्ज की गई है। यहां 1 जून से अब तक करीब 4.41 इंच कुल बारिश रिकॉर्ड की गई है। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान इछावर और श्यामापुर क्षेत्र में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिससे वहां के निचले इलाकों में पानी जमा होने की स्थिति भी बनी।

**सक्रिय मौसमी सिस्टम का असर :** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी मिल रही है। इसके साथ ही प्रदेश के ऊपर चक्रवाती हवाओं का घेरा और ट्रफ लाइन सक्रिय बनी हुई है। इन मौसमी परिस्थितियों के कारण सीहोर सहित आसपास के क्षेत्रों में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं और लगातार बादल, गरज-चमक तथा बारिश देखने को मिल रही है।

**अगले 48 से 72 घंटे महत्वपूर्ण :** मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 48 से 72 घंटों के दौरान सीहोर सहित भोपाल संभाग के कई जिलों में मौसम का यही मिजाज बना रहेगा। इस दौरान कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। कुछ इलाकों में मध्यम से भारी बौछारें भी गिर सकती हैं।

### तेज आंधी चलने का अलर्ट

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि आने वाले दिनों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। बारिश के साथ आंधी की स्थिति भी बन सकती है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

### किसानों और नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह

आकाशीय बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए मौसम विभाग ने किसानों और आम नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग ने कहा है कि गरज-चमक के दौरान पेड़ों के नीचे खड़े न हों और खुले मैदानों में जाने से बचें। खेतों में काम कर रहे किसानों को भी मौसम की जानकारी पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

**18 जून तक मानसून प्रवेश की संभावना :** मौसम विभाग का अनुमान है कि 18 जून तक मानसून आधिकारिक रूप से मध्य प्रदेश में प्रवेश कर जाएगा। इसके बाद अगले दो से तीन दिनों के भीतर सीहोर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों को मानसून पूरी तरह कवर कर सकता है। इसके साथ ही जिले में नियमित और अच्छी मानसूनी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना जताई गई है।

**किसानों को अच्छी बारिश की उम्मीद :** मानसून की संभावित जल्द दस्तक और प्री-मानसून बारिश के अच्छे दौर को देखते हुए किसानों को इस बार खरीफ सीजन के लिए बेहतर परिस्थितियों की उम्मीद है। आने वाले दिनों में मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार लगातार बारिश होती है, तो कृषि कार्यों को गति मिलेगी और जल स्रोतों में भी पानी की उपलब्धता बढ़ेगी।

### 11 और 18 जुलाई को आयोजित होगी विशेष ई लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार सीहोर जिला न्यायालय सहित आष्टा, भैरूंदा, बुधनी और इछावर के तहसील न्यायालयों में 11 जुलाई को विशेष ई-लोक अदालत तथा 18 जुलाई को धारा 138 एन. आई. एक्ट अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरणो के लिये विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सचिव स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रो में रहने वाले पक्षकारों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 11 जुलाई को सीहोर में विशेष ई-लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्री-लिटिगेशन एवं लंबित समस्त प्रकरणों को शामिल किया गया है। इसमें पक्षकारों की प्रीसिटिंग तथा प्रकरण के निराकरण आदि में यथा संभव वीडियो कान्फ्रेंसिंग या ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग किया जाएगा।

## मीठी मालवी की शॉर्ट फिल्म स्टॉप पॉल्युशन को केरल फिल्म फेस्टिवल में मिला सम्मान

**सीहोर।** वर्तमान समय में जहां व्यक्ति अपनी उलझनों को सुलझाने में लगा है वहीं सीहोर का एक ग्रुप ऐसा भी है जो सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए निःस्वार्थ कार्य कर रहा है। यह समूह अपने चैनल मीठी मालवी के द्वारा कई ऐसे शॉर्ट वीडियो, पैरोडी और नॉन पैरोडी गीत बना चुका हे जो समाज को जाग्रत करने का एक प्रयास है। इस स्थानीय चैनल के द्वारा मतदान जागरूकता, पौधा रोपण, स्टॉप पॉल्यूशन, हेलमेट लगाओ जान बचाओ आदि कई कंटेंट पर शॉर्ट वीडियो बनाए गए हैं।

कचरे को कचरा गाड़ी में हो डालो, पर भी पैरोडी गीत मीठी मालवी चैनल द्वारा बनाया गया है जो काफी चर्चित रहा। समूह के अध्यक्ष डॉ विजेंद्र जायसवाल ने बताया कि आगे भी हम सामाजिक सरोकार से संबंधी वीडियो बनाने का प्रयास करेंगे । हमारी पूरी टीम ही समाज हित में कार्य करने के लिए हमेशा तैयार रहती है। डॉ हरीश पथिक ने बताया कि स्टॉप पॉल्यूशन शीर्षक से बनी शॉर्ट फिल्म काफी चर्चित हुई और इस फिल्म को एल के इंटरनेशन शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल कोच्चि केरल में पार्टिसिपेशन का अवसर प्राप्त हुआ।




मीठी मालवी गुरप एल.के. फिल्म का आभारी है। स्टॉप पॉल्यूशन में काम करने वाले कलाकारों में नितिन सोनी, हरिओम शर्मा, हरिओम परमार, डॉ विजेंद्र, लक्ष्मण चौकसे, कैलाश चौहान, गोविंद लोवानिया, आशीष जोशी और डॉ हरीश पथिक हैं। डॉ हरीश पथिक ने बताया कि हमारी टीम अन्य कई कंटेंट्स पर कार्य कर रही है। आगामी समय में इन कॉन्टेंट को मूर्त रूप प्रदान किया जाएगा।

ज्ञातव्य है कि स्थानीय फिल्म कलाकार लक्ष्मण चौकसे लगभग 50 फिल्मों में अपनी भूमिका निभा चुके है। इनकी इसी कार्यकुशलता को दृष्टिगत रखते हुए एल.के.इन्टरनेशनल शॉर्ट फिल्म द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया है।

## एसडीएम ने पेट्रोल पंप संचालकों की ली बैठक काला बाजारी पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

**भैरूंदा।** तहसील क्षेत्र में डीजल की किल्लत और सामने आई कालाबाजारी की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा ने क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक ली। बैठक में तहसील क्षेत्र के समस्त पेट्रोल पंपों के संचालक एवं प्रबंधक मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मानसून और खेती-बाड़ी के इस पीक सीजन में किसी भी किसान को डीजल के लिए परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों एवं आम नागरिकों को डीजल की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। एसडीएम ने पेट्रोल पंप संचालकों को हिदायत दी कि पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा निर्धारित नियमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि क्षेत्र में डीजल की कालाबाजारी, अवैध भंडारण या नियमों के उल्लंघन की कोई भी शिकायत सामने आती है तो प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगा। किसी भी पंप संचालक द्वारा नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने पंप संचालकों से कहा कि वह कंपनियों द्वारा तय की गई निर्धारित मात्रा का पालन करें ताकि एक ही व्यक्ति अधिक डीजल का स्टॉक न कर सके। बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, रेत उत्खनन में लगी मशीनों और निजी जेसीबी संचालकों को सीधे पेट्रोल पंप से भारी मात्रा में डीजल देने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए हैं। पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वह बिना वैध अनुमति और आवश्यकता के बड़े स्तर पर डीजल की बिक्री न करें। पंप संचालक अपने स्टॉक की जानकारी पारदर्शिता के साथ रखें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ईंधन का अधिकांश हिस्सा प्राथमिकता के आधार पर किसानों के खेतों तक पहुँचे।



### जिले के सभी जनपदों व नगरीय निकायों में जनकल्याण शिविर आयोजित

**सीहोर।** जिले के सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों में जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र प्रदान किए और शिविरों का निरीक्षण किया। शिविरों में विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। रेहटी में आयोजित शिविर में बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव शामिल हुए और हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया। इस दौरान एसडीएम श्री दिनेश सिंह तोमर उपस्थित थे। इसी प्रकार आष्टा में आयोजित शिविर में आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।



## एनएसयूआई प्रदेश सचिव हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में चुनाव आयोग का किया पुतला दहन

**सीहोर।** सोमवार को एनएसयूआई प्रदेश सचिव हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन के नामांकन रद्द किए जाने के विरोध में चुनाव आयोग का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया गया।



प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नामांकन निरस्त कर लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संविधान की भावना के साथ अन्याय किया गया है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या बताया और निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग की।

इस अवसर पर हरिओम सिसोदिया ने कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले किसी भी प्रयास का एनएसयूआई पुरजोर विरोध करेगी तथा छात्र-युवा शक्ति जनहित और संविधान की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी। इस मौके पर एनएसयूआई के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मंच से जनता का सम्मान, खेत में किसान परेशान, जिम्मेदार साधे मौन

# भाजपा शासन में किसान अब खोखले आश्वासनों से थक चुका: विक्रम मस्ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मध्यप्रदेश की राजनीति में इन दिनों पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस वीडियो में चौहान मंच से जनता को बार-बार खड़ा न करने और उन्हें परेशान न करने की नसीहत देते हुए दिखाई दे रहे हैं। अब इसी मुद्दे को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव और अभिनेता विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमान' ने तीखा हमला बोला है।

मस्ताल ने चौहान की संवेदनशीलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि मंच पर पाँच मिनट खड़े रहने को जनता की परेशानी मानने वाले नेता को क्या खेत और पेट्रोल पंपों पर घंटों कतारों में खड़ा किसान दिखाई नहीं देता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा अगर मंच पर जनता को खड़ा रखना परेशानी है तो डीजल और खाद के लिए घंटों लाइन में खड़ा किसान क्या पिकनिक मना रहा है? ऐसा लगता है कि शिवराज जी की संवेदनशीलता केवल कैमरों के सामने और मंच की चमक-धमक तक ही सीमित है। इसके पूर्व भी मस्ताल के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों की कटाई ना होने और पेड़ों से लिपटकर इनका संरक्षण करने का जो वीडियो वायरल हुआ था उसे पर भी तंज कसा था।

### आधुनिक मशीनों का दिखावा या किसानों का मजाक

हाल ही में शिवराज सिंह चौहान द्वारा आधुनिक मशीनों के जरिए धान की रोपाई करने और स्वयं को किसान सिद्ध करने की कोशिशों पर मस्ताल ने पलटवार किया है। उन्होंने इसे राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने प्रश्न किया कि क्या प्रदेश की अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत हो गई है कि एक सामान्य किसान इन महंगी आधुनिक मशीनों का खर्च उठा सके। मस्ताल ने पूछा कि यदि किसान कर्ज लेकर या अपनी जमा-पूंजी से ये मशीनें खरीद भी ले तो उसे चलाने के लिए आवश्यक डीजल कहाँ से लाएगा। जब



डीजल के लिए किसान को घंटों पंपों पर लाइन में लगना पड़ रहा है तो यह मशीनें खेत में खड़ी-खड़ी धूल फांकेंगी। उन्होंने कहा खेत में मशीनें चलाकर किसान होने का दिखावा करने से कुछ नहीं होगा। हकीकत यह है कि किसान की आय इतनी नहीं है कि वह आधुनिक संसाधनों का बोझ झेल सके। आप मंच संचालन और कैमरों की चिंता छोड़िए। यदि सच में किसानों का भला करना है, तो जमीनी हकीकत पर काम कीजिए। उन्होंने खाद की कालाबाजारी पर भी प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया।

मस्ताल ने कहा कि प्रदेश के साथ बुधनी विधानसभा में खाद की भारी किल्लत है। खुलेआम कालाबाजारी हो रही है। लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। जिन आदिवासी भाइयों को मंचों से परिवार बताया जाता है। आज वह खाद और संसाधनों के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

**भाषण नहीं, समाधान चाहिए- बंद होना चाहिए शोषण की राजनीति :** विक्रम मस्ताल ने कृषि मंत्री और सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रदेश का किसान अब खोखले आश्वासनों से थक चुका है। उन्होंने कहा कि किसान को मंचों पर होने वाली नौटंकी नहीं, बल्कि खेत के लिए खाद, सिंचाई के लिए बिजली और डीजल की सुगम उपलब्धता चाहिए।

केंद्रीय मंत्री और सरकार को समझना होगा कि सत्ता का अर्थ केवल मंचों से भाषण देना नहीं हैं। बल्कि व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। उन्होंने एक बार फिर कहा कि प्रदेश के मामा जी को जनता को पाँच मिनट खड़ा करने पर गुस्सा आ जाता है। ज़रा उन किसानों की पीड़ा भी देख लीजिए जो आपकी प्रशासनिक विफलता के कारण खाद और डीजल के लिए दिनभर लाइनों में लग रहे हैं।

## अटल अस्पताल में हुआ सफल ऑपरेशन डर्मोइड सिस्ट गठान निकाली महिला को मिला नया जीवन

**सीहोर।** गंगा आश्रम स्थित अटल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने एक जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देकर महिला की जान बचाई। महिला के शरीर में मौजूद डर्मॉइड सिस्ट गठान लगभग अंतिम स्तर तक पहुंच चुकी थी और लगातार बढ़ने के कारण महिला को असहनीय दर्द का सामना करना पड़ रहा था। आधुनिक दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) तकनीक के माध्यम से गठान को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया।

जानकारी के अनुसार, महिला के परिजन उसे गंभीर अवस्था में अटल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर उपचार कराने के बावजूद कोई विशेष लाभ नहीं मिला था। अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मुदिता जैन तलसेरा ने पूर्व उपचार से संबंधित दस्तावेजों का अध्ययन कर मरीज का विस्तृत परीक्षण कराया और आवश्यक जांचें करवाईं गई। जांच रिपोर्ट में



पता चला कि महिला के शरीर में मौजूद डर्मॉइड सिस्ट गठान का आकार लगातार बढ़ रहा था, जिससे स्थिति गंभीर होती जा रही थी। इसके बाद डॉ. मुदिता जैन तलसेरा के मार्गदर्शन में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन करने का निर्णय लिया।

ऑपरेशन के दौरान आधुनिक दूरबीन पद्धति का उपयोग करते हुए मात्र 5-5 मिमी के छोटे चीरे लगाकर डर्मॉइड सिस्ट गठान को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। सफल सर्जरी के बाद महिला पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। महिला के परिजनों ने अटल हॉस्पिटल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि दूरबीन पद्धति से कम खर्च में बेहतर इलाज संभव हुआ। उन्होंने अस्पताल में मिले सहयोग और देखभाल की भी सराहना की।

डॉ. मुदिता जैन तलसेरा ने बताया कि अटल हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर चिकित्सा परामर्श और उपचार के लिए मरीज एक बार अटल हॉस्पिटल, गंगा आश्रम, सीहोर अवश्य आएं।

**Name & Date of birth Change Information**

I Bhagwati Devi Mother of Manohar Chandravanshi R/O Gudbhela Sehore MP 466001 Changed My Name from. Bhagwati Devi to Bhagwati Bai and DOB from 01.07.1980 to 01.01.1970 vide affidavit No DF 807705 dt 08 June 2026

### ग्राम पंचायत की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

# लोदीपुरा में 4 साल से जर्जर श्मशान घाट का अभी तक नहीं हुआ सौंदर्यीकरण

## मध्यप्रदेश शासन के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल के आदेश को दिखाया ठेंगा, पंचायत हुई बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/लखनवास

मध्यप्रदेश शासन के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने कैबिनेट के पहले ही प्रस्ताव में श्मशान घाट सौंदर्यीकरण का आदेश दिया था। लेकिन ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा के गांव लोदीपुरा में उस आदेश को भी सरपंच-सचिव ठेंगा दिखा रहे हैं। यहां का श्मशान घाट पिछले चार साल से बदहाल है। टीन का शेड पूरी तरह जर्जर है। छत की आधी से ज्यादा चद्रें टूटकर हवा में लटक रही हैं। मानसून सिर पर है और ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लोग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी भले ही भाजपा सरकार के विकास को लेकर बड़ी-बड़ी बाते करते हो, लेकिन उस विकास की पोल यहां पर खुलेआम खुलती दिखाई दे रही। सरकार करोड़ों के विकास के दावे करती है, लेकिन ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा का गांव लोदीपुरा का



श्मशान घाट शासन के विकास का आइना दिखा रहा है। जब जिंदा लोगों की सुनवाई नहीं, तो मरने के बाद सम्मान की उम्मीद कैसे करें?

### क्या इंसान की अंतिम यात्रा भी विकास की भेंट चढ़ गई ?

गंभीर विचारणीय बात यह है कि यदि गांव में किसी की मृत्यु हो जाती है तो खुले आसमान के नीचे दाह संस्कार करने को मजबूर होंगे ग्रामीण फोटो खुद हालात बयां कर रही है। बारिश शुरू होते ही अंतिम संस्कार नामुमकिन हो जाएगा। ऊपर से पानी गिरेगा, लकड़ियां भीग जाएंगी, चिता जलाना तो दूर, शव को



सुखाना भी मुश्किल होगा। ग्रामीणों का दर्द छलक पड़ा-क्या अब गांव में मृतक को सम्मान से जलाना भी मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में पंचायत और सरकार के खिलाफ सवाल खडे.होते है कि क्या इंसान की अंतिम यात्रा भी विकास की भेंट चढ़ गई?

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार सरपंच और पंचायत सचिव से गुहार लगाई, लेकिन आज तक एक ईंट तक नहीं लगी। जिम्मेदार अधिकारी भी आंख मूंदे बैठे हैं। शर्मनाक बात तो यह है कि मौत के बाद भी सुकून नहीं होगा धूप हो या बारिश, लोग खुले में खड़े होकर अपनों को अंतिम विदाई देने को मजबूर होंगे, क्योंकि सिर पर छत तक नसीब नहीं है। गांव के जगदीश लोधा, लाखन, राधेश्याम, मोरसिंह, राकेश सहित अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर बारिश से पहले काम शुरू नहीं हुआ तो पंचायत कार्यालय का घेराव करेंगे।

#### ग्रामीणों की यह है मांगें

1. 7 दिन में नया टीन शेड बनवाया जाए।
2. श्मशान घाट की बाउंड्री और चबूतरे की तत्काल मरम्मत हो।
3. लापरवाह सरपंच-सचिव पर सख्त कार्रवाई हो।

#### फाइल विचाराधीन है...

इस मामले में फाइल जनपद पंचायत ब्यावरा में विचाराधीन है, ऊपर से अधिकारी पास कर देंगे तब बनाएंगे।

-पूनमचंद लोधा
सचिव ग्राम पंचायत कुंडीखेड़ा।

मैं अधिकारियों से पूछता हूं, और फाइल दिखवाता हूं और जल्दी ही श्मशान घाट लोदीपुरा को कंप्लीट करवा देंगे।

-रघुवीर चौहान
इंस्पेक्टर जनपद पंचायत ब्यावरा।

### मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की

## करनी सेना की आमसभा संपन्न, यूजीसी रेगुलेशन 2026 वापस लेने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

क्षत्रिय करनी सेना परिवार द्वारा रविवार को स्थानीय हाई सेकेंडरी ग्राउंड में आम सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी 2026 के विरोध में चर्चा की गई तथा इसे तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग उठाई गई। सभा को संबोधित करते हुए क्षत्रिय करनी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राज शेखावत ने कहा कि यूजीसी द्वारा जनवरी 2026 में जारी किए गए उक्त रेगुलेशन को लेकर समाज में व्यापक चिंताएं हैं। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदल सिंह राणा एवं जिला अध्यक्ष राजेश सिंह राजपूत ने एवं करनी सेना के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि यह अधिसूचना संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकार की भावना के अनुरूप नहीं है तथा इससे सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के अधिकार प्रभावित होने की आशंका है। वक्ताओं ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में सभी वर्गों के विद्यार्थियों के हितों और अधिकारों की समान रूप से रक्षा होना आवश्यक है। सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी तैयार किया गया है, जिसे प्रशासन के माध्यम से भेजा जाएगा। ज्ञापन में यूजीसी रेगुलेशन 2026 को तत्काल प्रभाव से वापस लेने तथा सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए पुनर्विचार करने की मांग की गई है। कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की और शासन से शीघ्र निर्णय लेने की अपेक्षा व्यक्त की। सभा में करनी सेना के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए समाजजन उपस्थित रहे।

### अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर किए दर्शन

# कपिलेश्वर धाम में गूंजे वैदिक मंत्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुरुषोत्तम मास की पावन अमावस्या के अवसर पर कपिलेश्वर धाम स्थित माँ कृष्णासिंधु के पावन तट पर भव्य दीपदान, वैदिक पूजन एवं महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की विशाल उपस्थिति से पूरा तीर्थक्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान कपिलेश्वर महादेव के विधिवत अभिषेक, पूजन एवं संध्या आरती के साथ हुई। इसके पश्चात श्रद्धालु कृष्णासिंधु घाट पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देवी-देवताओं का पूजन-अर्चन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान का संचालन पं. पवन पारीक, पं. भूपेंद्र जोशी, पं. बालकृष्ण शर्मा, पं. विप्र पारीक, पं. सहयोग शर्मा एवं संतोष पुरी द्वारा कराया गया। दीपदान के दौरान कृष्णासिंधु घाट हजारों दीपों की स्वर्णिम आभा से जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने माँ कृष्णासिंधु का दुग्धाभिषेक, पूजन एवं श्रृंगार कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। शंखनाद और वैदिक मंत्रों के बीच संपन्न हुई भव्य महाआरती ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। अमावस्या पर्व पर दूर-दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने कृष्णासिंधु में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया तथा भगवान कपिलेश्वर महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

## जन कल्याण शिविर आयोजित, 97.22 करोड़ की योजनाओं से 6900 हितग्राही लाभान्वित

**सुठालिया।** नगर परिषद द्वारा रविवार को कार्यालय परिसर में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद ने बताया कि शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत नगर के 6900 से अधिक हितग्राहियों को 97.22 करोड़ रुपये का लाभ दिया जा रहा है।

**योजना अनुसार लाभान्वित हितग्राही:** प्रधानमंत्री आवास योजना में 1544 हितग्राहियों को 38.60 करोड़, मुख्यमंत्री संबल योजना में 63 हितग्राहियों को 1.26 करोड़, कर्मकार मंडल योजना में 6 हितग्राहियों को 12 लाख, पीएम स्वनिधि में 800 हितग्राहियों को 1.21 करोड़, दीनदयाल अंत्योदय योजना में 45 स्व-सहायता समूहों को 2.75 करोड़ का ऋण, स्वरोजगार योजना में 28 हितग्राहियों को 41.40 लाख रुपये का लाभ दिया गया। इसके अतिरिक्त 1019 हितग्राहियों को पेंशन योजना एवं 1689 परिवारों को खाद्य पात्रता पर्ची के माध्यम से निःशुल्क



राशन वितरित किया जा रहा है। शिविर में प्रभारी अधिकारी श्याम बाबू खरे, भाजपा नेता अशोक अग्रवाल, जिला मंत्री माधवी सिंह परमार, सांसद प्रतिनिधि गिरिराज लोधी, पार्षद गोपाल भिलाला, दुल्हाशाह, आकाश अग्रवाल, डॉ. अजीज कुरैशी, मिथुन सिलावट, मोहसीन खान, दिनेश वर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## एलह इस्लाम अंजुमन सदर चुनाव में शाहरुख अहमद जीते, हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

स्थानीय आवास कॉलोनी स्थित कर्मचारी भवन में एलह इस्लाम अंजुमन कमेटी सदर पद के चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज थी जहां पर कांटे की टक्कर में शाहरुख अहमद ने जीत हासिल की। चुनाव में शाहरुख अहमद को 452 वोट के साथ 206 वोटों की बंपर लीड के साथ जीत का परचम लहराया। तथा शेख वहीद भाई 246, वहीद खान 158, जमील भाई 102, आदिल भाई 13 वोट मिले, इस चुनाव में 971 मतदाताओं ने मत डालें। समर्थकों ने फूल-मालाओं से नए सदर का स्वागत किया। युवाओं में खुशी की लहर है। जीरापुर अंजुमन के इतिहास में पहली बार सदर की कुर्सी पर किसी युवा ने कब्जा जमाया है।

### पात्र हितग्राहियों को मिलेगा सरकार की योजनाओं का लाभ

## नगर परिषद में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शासन के निर्देशानुसार केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का पात्र लोगों को त्वरित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगर परिषद जीरापुर में 'तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर' का शुभारंभ किया गया। शिविर में 'नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पार्षद शिवचरण मंडलोई, कमल झावा' सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित




रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवनारायण दांगी' ने बताया कि यह शिविर '15 जून, 16 जून एवं 18 जून 2026' को नगर परिषद सभागृह जीरापुर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नगर के पात्र वंचित लोग 'आवश्यक दस्तावेज सहित आवेदन जमा कर' शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। नगर परिषद द्वारा आम लोगों को शिविर की सूचना देने के लिए 'नगर में मुनादी करवाई गई' है। लोगों से अपील है कि शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और पात्रतानुसार आवेदन जमा करें। शिविर में पेंशन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पीएम आवास, स्वरोजगार ऋण सहित अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन लिए जा रहे हैं।

### कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया

गुना। गुना कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी न्यायालयीन कार्रवाई से लगातार अनुपस्थित चल रहा था। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में जिले में फरार आरोपियों एवं वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन एवं सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा की टीम ने यह सफलता हासिल की।जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में आरोपी इरफान खान निवासी हरिजन बस्ती, बजरंगगढ़ रोड गुना के खिलाफ कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज हुआ था। न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर न्यायालय गुना द्वारा उसके विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी इरफान उर्फ अज्जू (45) को गिरफ्तार कर लिया और उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया।कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा के साथ प्रधान आरक्षक सूर्येन्द्र मिश्रा एवं आरक्षक अनिल रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नगरपालिका प्रांगण में जनकल्याण शिविर आयोजित

## मोदी के नेतृत्व पर विश्वास से देश की दिशा और दशा दोनों बदली हैः जिराती




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम बारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नगरपालिका प्रांगण में जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जीतू जिराती उपस्थित रहे ।शिविर में नगर पालिका द्वारा प्रदत्त की जाने वाली योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में जानकारी देने हेतु स्टाल लगाकर लाभार्थियों का पंजीयन कर सहायता की जाएगी ।स्वागत भाषण नपा अध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता ने स्वागत भाषण देते हुए उपस्थित नागरिकों एवं लाभार्थियों को शिविर के बारे में विस्तार से बताया ।भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व, कार्यसंस्कृति एवं राष्ट्र प्रथम का भाव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा।मुख्य अतिथि जीतू जिराती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा, समर्पण और सुशासन को राजनीति का आधार बनाकर करोड़ों देशवासियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है।

आज भारत आत्मनिर्भरता, नवाचार, आर्थिक प्रगति तथा सांस्कृतिक गौरव के नए युग में प्रवेश कर चुका है। इस शिविर के माध्यम से जो जनसेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है उसे हम पूरी निष्ठा से निभायें क्यूंकि नर सेवा ही नारायण सेवा है ।कार्यक्रम के उपरांत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए । इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेन्द्र सलूजा,जिला महामंत्री रविंद्र रघुवंशी,संतोष धाकड़,पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता विषेश रूप से मौजूद रहे।

### नियम लादकर किसानों को परेशान किया जा रहा

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने विशाल ट्रैक्टर रैली निकाल कर आमसभा में जताया विरोध





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी द्वारा विशाल ट्रेक्टर रैली एवं नगर के बस स्टैंड पर आमसभा का आयोजन किया गया। माचलपुर रोड स्थित ब्रिज के नीचे सोमवार की दोपहर में किसानों के सम्मान में कांग्रेस पार्टी ने खाद की भारी किल्लत, महंगी बिजली, अघोषित बिजली कटौती और डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ एक विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली। पूर्व ऊर्जा मंत्री और कांग्रेस जिला अध्यक्ष ट्रैक्टर चलाकर सीधे बस स्टैंड स्थित सभा स्थल तक पहुंचे और फिर एक विशाल आम सभा को संबोधित किया। पूर्व ऊर्जा मंत्री कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा की सरकार में किसानों को खाद नहीं मिल रहा है और मिल भी रहा तो वह भी महंगे दाम में उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा खाद लेने के लिए ई टोकन अनिवार्य कर दिया।

अगर किसान आज ई टोकन कटवाता है, 2 दिन बाद सोसाइटी या खाद्य विक्रेता व्यापारी के पास पहुंचता है तो उसे खाद नहीं मिलता यह बोल दिया जाता है कि आपका ई टोकन रिजल्ट हो गया, हाथों हाथ लेना था। आज डीजल के लिए किसान परेशान है किसानों को केन में डीजल नहीं दिया जा रहा है। 20 किलोमीटर से किसान ट्रैक्टर लेकर डीजल के लिए आ रहा है, यह नियम केवल किसानों के लिए ही सरकार लाई है, किसानों को ही परेशान किया जा रहा है। मृत्यु , करंट से मृत्यु ,आगजनी , एक्सीडेंट से मृत्यु हो जाए सहायता राशि के लिए जनपद के चार-चार महीने तक चक्कर काटना पड़ रहा है।

**विधवा , अनाथ बच्चे लगाते हैं चक्कर अभिनन्दन की सरकार सुनती नहीं है:** यह अभिनंदन की सरकार उनकी नहीं सुनती है। मैं तो यही कहता हूं उनकी हाई से तुम्हारी सरकार कहीं की नहीं रहेगी। एक तरफ तो देश के प्रधानमंत्री मंत्रियों की गाड़ी में काफिला कम करने कम खर्च करने की सलाह दे रहे हैं वहीं राजगढ़ के भाजपा कार्यकर्ता राजगढ़ की सबसे महंगी होटल में पार्टी की मीटिंग कर रहे हैं। उधर मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि मैं तो इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी से ही जाऊंगा यह हाल है भाजपा सरकार का। उन्होंने कहा कि यहां खड़े प्रशासनिक अधिकारी कान खोल कर सुन लो कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को बेवजह परेशान मत करो आप लोगों ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं पर भाजपा नेताओं के दबाव में झूठे 151 के कैस बनाए हैं, लेकिन याद रखना समय बदलता भी है एक-एक से हिसाब लिया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा भाजपा विधायक हजारीलाल दांगी एक दिन मुझे मिल गए, विधायक जी लाइट क्यों नहीं मिल रही है उनके द्वारा बोला गया आप ने ही खराब कर दी, फिर मैंने बोला कि 15 महीने की कांग्रेस पार्टी की सरकार में बिजली की कोई कमी नहीं थी गांव-गांव तक ग्रीड बना दिया गया।

## नीट परीक्षा की तैयारियां पूरी, कलेक्टर ने समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आज आगामी नीट परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल, अपर कलेक्टर शअखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पांचों केंद्रों के प्राचार्यों द्वारा कराया अवगत

बैठक के दौरान परीक्षा के पांचों केंद्रों के प्राचार्यों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर दिए गए हैं, पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, अभ्यर्थियों के परिजनों के लिए टेंट की




व्यवस्था की गई है तथा परिसर की साफ-सफाई कर ली गई है। साथ ही बैठने की व्यवस्था सुव्यवस्थित की गई है एवं शौचालयों की सफाई भी सुनिश्चित की गई है। बैंक एवं डाकघर प्रतिनिधियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की गई।बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि नीट परीक्षा दिनांक 21 जून 2026 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित होगी तथा अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना सुनिश्चित करने की अपील की गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा सतत निरीक्षण किया जाएगा तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी नियमित रूप से भ्रमण करेंगे।कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी चेकलिस्ट तैयार कर उसके अनुसार व्यवस्थाओं का पुनः सत्यापन करें। उन्होंने विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच करने तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**

### किसान डीजल के लिए हो रहे परेशानः गुजराती




**सीहोर।** जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी करते हुए कहा कि जिले में खरीफ फसलों के बोवनी का समय चल रहा है। ऐसे में जिले में किसानों को समय पर खाद और डीजल की उपलब्धता सुगम की जाए नहीं तो खरीफ सीजन प्रभावित हो सकता है। राजीव गुजराती में आगे कहा कि किसानों को ऑनलाइन बुकिंग में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। कभी सर्वर डाउन हो जाता है तो कभी ओटीपी नहीं आता ऐसे में किसानों को बार-बार गाँव से शहर आकर ऑनलाइन केन्द्रों पर चक्कर लगाना पड़ रहा हैं, जिसके कारण अनदाताओं के पैसे व समय की बर्वादी हो रही है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए या फिर पुरानी व्यवस्था बहाल कर समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि खेती और उत्पादन पर कोई असर न पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन किसानों के पास बरसों से वन भूमि है, वह इस ऑनलाइन प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं, उनके लिए भी सरकार को कोई दूसरी व्यवस्था करना चाहिए। साथ ही राजीव गुजराती में कहा कि किसानों को पेट्रोल पंपों पर ड्रम या अन्य पात्रों में डीजल नहीं दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि किसानों को अनावश्यक परेशान ना किया जाए।

### तपोभूमि देव बड़ला में उमड़ा आस्था का सैलाब, नेवज में हजारों ने लगाई डुबकी

# भगवान विष्णु के प्रिय अधिक मास में बाबा विल्वेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना

अधिकमास भगवान विष्णु का प्रिय महीना माना गया है। धर्म आस्था को मानते हुऐ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नेवज नदी के पवित्र जल से स्नान कर बाबा विलवैश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि के लिए मंगल कामना की।




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ज्येष्ठ अधिक मास की सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर मां नेवज नदी के उद्गम स्थल और पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देव बड़ला बीलपान में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं नेवज नदी के पवित्र जल में स्नान कर बाबा विल्वेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की मंगल कामना की।

#### अधिकमास की अमावस्या का महत्व

देव बड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि अधिक मास भगवान विष्णु का प्रिय महीना है। इस कारण इस महीने में पड़ने वाली अमावस्या का पुण्य सामान्य अमावस्या से कई गुना अधिक माना जाता है। मंदिर समिति अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी ने कहा कि सनातन धर्म में सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या अत्यंत शुभ और पुण्यकारी है। इस दिन गंगा स्नान, पितृ तर्पण, दान-पुण्य और पीपल परिक्रमा से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

#### श्रद्धालुओं ने किए ये धार्मिक अनुष्ठान

श्रद्धालुओं ने पितृ दोष निवारण के लिए नेवज तट पर तर्पण किया। विवाहित महिलाओं ने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए पीपल के वृक्ष की 108 परिक्रमा कर कच्चा दूध, जल और काले तिल अर्पित किए। सोमवार भगवान शिव का दिन होने के कारण भक्तों ने कच्चे दूध, शहद और बेलपत्र से बाबा विल्वेश्वर महादेव का अभिषेक किया। इस अवसर पर गरीबों को अन्न, वस्त्र और काले तिल का दान भी किया गया।

#### क्या करें और क्या बचें?

धर्माचार्यों के अनुसार इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान, तांबे के पात्र से सूर्य को अर्घ्य देना, पीपल में जल और दीपक जलाना शुभ माना गया है। अमावस्या की रात नकारात्मक ऊर्जा सक्रिय मानी जाती है, इसलिए सुनसान और श्मशान के पास जाने से बचें। साथ ही पीपल के वृक्ष को नुकसान न पहुंचाएं और न ही उसकी पत्तियां तोड़ें। हर हर महादेव के जयकारों से गूंजे देव बड़ला धाम में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना।

## जनकल्याण शिविर में आए 2987 आवेदन में से 2480 का किया त्वरित निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रत्येक विकासखण्ड और नगरीय निकायों में 03 दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किया जा रहा है। उक्त अभियान का प्रमुख उद्देश्य पात्र लेकिन वंचित हितग्राहियों को सहायता एवं लाभ दिलाना है। आष्टा विकासखण्ड में 03 दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन दिनांक 12, 15 व 16 जून को किया गया। शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत के मुख्या कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार व्यास द्वारा अभियान के उद्देश्य के बारे में मंचासीन पदाधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों को जानकारी दी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार व्यास द्वारा बताय गया कि अभी तक शिविर के दौरान लगभग 2987 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से लगभग 2480 आवेदनों का निराकरण भी संबंधित विभागों द्वारा किया जा चुका है,विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा अपने उदबोधन में शासन के 23 विभागों की 110 योजनाओं से नागरिकों को पात्रतानुसार सहयोग करने एवं लाभ दिलाने हेतु विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया,कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना से वंचित नहीं रहे,विधायक ने कहा कि हमारी सरकार हर जरूरतमंद को आवश्यक मदद एवं अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सहयोग प्रदान करने लिए दृढ़ संकल्पित है,उन्होंने बताया कि बच्चे के जन्म से ले कर उसके पालन-पोषण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, आजीविका व सामाजिक सुरक्षा हेतु विभिन्न पेंशन योजनाओं का क्रियान्वयन शासन द्वारा पात्र हितग्राहियों के लिए किया जा रहा है,कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं जैसे -पेंशन स्वीकृति आदेश ,ई-संबल कार्ड वितरण ,स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) अंतर्गत प्रोत्साहन राशि का वितरण ,उद्धानिकी विभाग से मसाला यूनिट की स्थापना हेतु हितग्राही को लाभ वितरण ,संबल योजना अंतर्गत हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि भुगतान का स्वीकृति पत्र ,आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदियों को लाभ वितरण ,विवाह प्रमाण पत्र ,लाड़ली लक्ष्मी योजना के लाभार्थी आदि का हितलाभ वितरण जनपद पंचायत और नागर पालिका -आष्टा द्वारा संयुक्त रोप से किया गया ,कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवल नागरिकों का आभार जनपद पंचायत -आष्टा के ब्लॉक समन्वयक (एसबीएम-ग्रा.) द्वारा व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गजराज सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, मेहमूद अंसारी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि छोटेलाल पहलवान, महेश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य, सुशील संचेती तथा जनप्रतिधि, नागरिकगण उपस्थित हुए।

## दक्ष प्रजापति आर्मी के नेतृत्व में आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




दक्ष प्रजापति आर्मी की तहसील स्तरीय बैठक जावर में आयोजित की गई जिसमें जिला स्तर के दायित्ववान पदाधिकारियों, तहसील के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, समाज हित के कार्यों को गति देना एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना रहा। बैठक में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता आर.एन. प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष दक्ष प्रजापति आर्मी उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की विचारधारा, समाज में शिक्षा, एकता एवं युवा सहभागिता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

विशेष अतिथि के रूप में संतोष प्रजापति तहसील अध्यक्ष इछावर,संजय प्रजापति तहसील अध्यक्ष रहटी,दीपक प्रजापति शहरी तहसील अध्यक्ष सीहोर,राजकुमार प्रजापति विधानसभा अध्यक्ष आष्टा,जितमल प्रजापति ग्रामीण तहसील अध्यक्ष आष्टा एवं संतोष प्रजापति तहसील अध्यक्ष भैरूंदा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मोर सिंह प्रजापति जिला अध्यक्ष सीहोर की विशेष उपस्थिति रही। बैठक का आयोजन लखन प्रजापति तहसील अध्यक्ष आष्टा एवं मुकेश कुमार प्रजापति तहसील अध्यक्ष जावर के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन माखनलाल प्रजापति, कैलाश नारायण प्रजापति एवं छगनलाल सेठ उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार, समाज में शिक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा समाजहित के विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती एवं समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन जीवन प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त हीतेश प्रजापति द्वारा किया गया। बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई ।

### आशा-ऊषा कार्यकर्ता करेंगी हल्ला बोल आंदोलन

**सीहोर।** हड़ताल पर चल रही आशा उषा कार्यकर्ता अब हल्ला बोल आंदोलन करेंगी। जिले भर की आशा उषा कार्यकर्ता मंगलवार को टाउनहाल के पास एकात्रित हुई। इधर आशा उषा की हड़ताल से स्वास्थ्य विभाग के कार्य पर बहुत गहरा असर पड़ रहा है मातृ एवं शिशु टीकाकरण डिलीवरी अन्य काम ठप हो गए है। फूल नहीं चिंगारी है हम भारत की नारी के नारों के साथ आशा उषा कार्यकर्ता ने लंबित है अनेक मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार की। आशा उषा महिला संगठन प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा ठाकरे के निर्देश पर जिलाध्यक्ष सीमा चौहान ने आंदोलन का आहवान किया। आशा उषा महिला संगठन जिला कोषाध्यक्ष मीना राठौर ने मांगों का वाचन किया। जिला उपाध्यक्ष सरिता विश्वकर्मा ने पूर्व में सरकार के द्वारा किए गए वादों से आशा उषा कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

## खाचरोद में झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



मंगलवार को खाचरोद सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में जमकर बारिश हुई। सुबह से ही घने बादलों ने आसमान ढक लिया था। दोपहर बाद तेज बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलीं, जिससे उमस-गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली। बारिश का यह सिलसिला शाम तक जारी रहा। बारिश से खेतों में नमी आ गई है। किसानों ने तुरंत खेतों में बखर चलाकर मिट्टी पलटने का काम शुरू कर दिया। अधिकांश किसान सोयाबीन, मक्का और ज्वार के बीज लेकर बोनी के लिए तैयार बैठे हैं। क्षेत्र के किसान राजेंद्र पाटीदार ने बताया, ₹अगर एक बार और अच्छी बारिश हो जाए तो पूरे इलाके में बोनी शुरू हो जाएगी। नमी वाली जमीन में बीज जल्दी अंकुरित होगा। लगातार बदले मौसम से लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है। खेत-खलिहान में हरियाली लौटते देख ग्रामीणों में भी खुशी का माहौल है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार समय पर हुई यह बारिश खरीफ फसलों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी।बारिश से निचले इलाकों में थोड़ा जलभराव हुआ, किसानों और आम लोगों दोनों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई।

## विधायक ने नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना में छूटे गांव को परियोजना में शामिल करने सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



क्षेत्र के विकास को लेकर आष्टा से भोपाल तक कठिन परिश्रम कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र को अधिक से अधिक विकास योजनाओं का लाभ दिलाने में दिन रात जुटे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपने अभी तक के कार्यकाल में आष्टा को करोड़ो के विकास कार्यो की जो सौगातें दी वे आज धरातल पर दिख रही है । ग्रामीण क्षेत्र के दौरे के दौरान आष्टा विधानसभा क्षेत्र के करीब 26 ग्राम जो नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना से छूटे है,उन ग्रामो के ग्रामीणों की मांग पर आज आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोपाल पहुच कर मप्र के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से भेंट कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र में नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के छुटे 26 ग्रामो को जोड़ने की मांग को लेकर विस्तार से जानकारी दी एवं विधायक इंजीनियर ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से मांग की,की उक्त योजना में इन ग्रामो को जोड़ा जाए। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मुख्यमंत्री को सौपे मांग पत्र में जानकारी दी कि आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उमरदड, टीपुपुरा, झॉझनपुरा, सामरीबोंदा, निमवरा,कातला, धुॅराडाकला, धुॅराडाखुर्द, धीगांखेडी, गुराडिया वर्मा, बरछापुरा, ग्वाला, बीलपान, खटसुरा, कबीरखेडी, लिजामडी, गुराडिया, मोहम्मदपुर, अंबिका नगर जावर, मालीपुरा, खजूरिया जावर, अरोलिया जावर, बाजखेडी, कालापीपल, हरनावदा, मुरावर ग्राम नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना से छूटे है, इन ग्रामो का इस योजना से जुड़ना अति आवश्यक है, ताकि इन 26 ग्रामो के अन्नदाता किसान भाईयों को सिंचाई की एक बड़ी सुविधा मिल सके और ये पूरा क्षेत्र भी हराभरा हो सके। मुख्यमंत्री ने पूरी मांग को विस्तार से सुन कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने पं. प्रदीप मिश्रा से की मुलाकात

**सीहोर।** प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के जन्मदिन पर भाजपा नेता, सीहोर जिला पंचायत एवं सीहोर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री अरोरा ने पंडित प्रदीप मिश्रा के दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना भी की। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि सीहोर की धरती पर ऐसे महान व्यक्ति ने जन्म लिया है, जिन्होंने सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है तो वहीं सीहोर को एक नई पहचान भी दी है। उन्होंने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम पर देश के कोने-कोने सहित विदेश से भी श्रद्धालु आते हैं। इनके कारण सीहोर के विकास को भी गति मिली है। पंडित प्रदीप मिश्रा के जन्मदिन पर जसपाल सिंह अरोरा एवं मित्र मंडली ने शॉल, श्रीफल से उनका सम्मान भी किया।



## अभियान चलाकर विद्यार्थियों और ग्रामीणों को उच्च शिक्षा के प्रति किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर नगर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कॉलेज चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय जावर नगर की टीम ने ग्राम पंचायत बमुलिया रायमल का भ्रमण कर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को महाविद्यालय में प्रवेश लेने तथा अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी भीमसेन मालवीय उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि उच्च शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास, आत्मनिर्भरता और समाज में सम्मानजनक पहचान स्थापित करने का सशक्त साधन है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा ही वह शक्ति है जो युवाओं को नए अवसरों से जोड़ती है और उन्हें अपने सपनों को साकार करने का मार्ग प्रदान करती है।उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से आग्रह किया कि वे शिक्षा के महत्व को समझें और अधिक से अधिक संख्या में अपने बच्चों को महाविद्यालय में प्रवेश दिलाएं। मालवीय ने कहा कि शासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए अनेक छात्रवृत्ति योजनाएं सुविधाएं और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनका लाभ उठाकर युवा अपने भविष्य को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की आधारशिला होता है और प्रत्येक विद्यार्थी की सफलता पूरे समाज की प्रगति से जुड़ी होती है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत बमुलिया रायमल के सहायक सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने अभियान की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के इस प्रयास को महत्वपूर्ण बताया।महाविद्यालय की टीम ने ग्रामीणों को प्रवेश प्रक्रिया, उपलब्ध विषयों, छात्रवृत्ति योजनाओं तथा उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों की जानकारी भी प्रदान की। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना है।

### स्व. कमलेश कुमार मालवीय की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

# 90 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




स्वर्गीय कमलेश कुमार मालवीय की स्मृति में 16 जून को जिला चिकित्सालय सीहोर स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 90 यूनिट रक्तदान किया। वर्ष 2004 से निरंतर आयोजित हो रहा यह शिविर मानव सेवा, समाज कल्याण और जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।

शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और समाजसेवियों ने सहभागिता कर रक्तदान किया तथा मानवता की सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर समाजसेवी अरुणा सुदेश राय मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, सी.एस. उमेश श्रीवास्तव, डॉ. नवीन मेहर, डॉ. हितेश शर्मा, डॉ. हरिओम गुप्ता, सतीश भार्गव, हरीश नेहलानी, योगेश उपाध्याय, पलमेन्द्र कलमोर, कृष्णा, वरुण शर्मा, राजेश मांजी, मोनू विश्वकर्मा, लखन ठाकुर, गौरव यादव, शिवराज, तनु, भूपेंद्र, आशीष, बाबन, राहुल, योगेश, कपिल, अनिल, अमित, गोलू, अश्वनी एवं मोंटी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने स्वर्गीय कमलेश कुमार मालवीय जी के समाजसेवा के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन सदैव जनहित और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनकी स्मृति में आयोजित यह रक्तदान शिविर लोगों को सेवा, समर्पण और परोपकार की प्रेरणा देता है। वर्ष 2004 से लगातार आयोजित हो रहा यह आयोजन आज एक जनअभियान का रूप ले चुका है, जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग सहभागिता कर रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान देते हैं। शिविर में रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया।

आयोजन के अंत में सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया तथा स्वर्गीय कमलेश कुमार मालवीय जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। रक्तदान शिविर ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि मानव सेवा से बढक़र कोई धर्म नहीं है और रक्तदान के माध्यम से किसी के जीवन में नई उम्मीद जगाई जा सकती है।